Dr. Virendra Singh, Co-ordinator,
NSS & Rover Renger
Mob. 9412106486, 9927087028
virendrasingh1839@gmail.com

30 वॉ अंतर्महाविद्यालयी रोवर्स–रेंजर्स समागम 2023–24

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVESITY, MEERUT

पत्रांकः अंतर्महाविद्यालयी रोवर्स/रेंजर्स समागम/2023–24/001 दिनांकः 27फरवरी, 2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ।

विषयः अन्तर्महाविद्यालयी रोवर्स–रेंजर्स समागम सत्र 2023–24 दिनांक 8, 9, व 10 मार्च 2024 को आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग प्रयागराज के पत्र संख्याः डिग्री विकास/170478–508/2023–24 दिनांक 13.02.2024 एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी माधवपुरम, मेरठ के पत्रांकः क्षे0का0मे0/4819–29/2023–24 दिनांक 23.02.2024 तथा माननीया कुलपति चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की अध्यक्षता में हुई बैठक दिनांक 23.02.2024 में लिये गये निर्णय के अनुसार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध महाविद्यालयों के रोवर्स–रेंजर्स समागम का आयोजन दिनांक 8, 9, व 10 मार्च 2024 को दिगम्बर जैन कालिज, बड़ौत (बागपत) में आयोजित किया जायेगा। उपर्युक्त रोवर्स–रेंजर्स समागम में आप सादर आमंत्रित हैं ।

मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक टीम के सदस्य अपने साथ ओढ़ने व बिछाने के लिये कम्बल व गद्दे अवश्य लायेंगे । रोवर्स की टीम में 24 तथा रेंजर्स की टीम में 24 सदस्य तथा उनके साथ एक–एक पुरुष व महिला संरक्षक अवश्य रहेंगे । टीम में इससे अधिक सदस्य मान्य नहीं होंगे । रोवर्स–रेंजर्स समागम में भाग लेने वाली सभी टीमों का भारत स्काउट और गाइड मुख्यालय में पंजीकरण तथा नवीनीकरण अनिवार्य रूप से होना चाहिये । पंजीकरण दिनांकः 08.03.2024 को प्रातः 08.00 बजे से 11.00 बजे तक किये जायेगें । अन्तर्महाविद्यालयी समागम में पंजीकरण/विकास शुल्क के रूप में रु0 200–/ प्रति रोवर/रेंजर, रोवर लीडर, रेंजर लीडर से समागम के प्रथम दिन पंजीकरण के अवसर पर प्राप्त करके उन्हें भारत स्काउट और उ0प्र0 की रसीद निर्गत की जायेगी।

आपसे विनम्र निवेदन है कि अपने महाविद्यालय की सहभागिता की सूचना दिनांक 06.03.2024 तक डा0 महेश कुमार मुछाल (मो0 9412834127) एवं डा0 किरन गर्ग (मो0 9456481541) (ईमेल djc.baraut@gmail.com) पर अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे कि सभी टीमों की समुचित व्यवस्था यथासमय सम्पन्न करायी जा सके ।

भवदीय

(डा0 वीरेन्द्र सिंह)
कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0
एवं संयोजक रोवर्स/रेंजर्स
समागम सत्र 2023–24
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Scanned with OKEN Scanner

# समागम हेतु आवश्यक निर्देश

1. दिगम्बर जैन पी0जी0 कॉलिज, बड़ौत बागपत मेरठ एवं दिल्ली से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है एवं रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड से लगभग 1 कि0मी0 की दूरी पर गाँधी रोड़ पर स्थित है ।
2. प्रत्येक प्रतिभागी टीम 24–24 रोवर्स–रेंजर्स की टीम लाएगी । प्रतिभागी टीम के साथ प्रभारी रावेर–रेंजर लीडर अनिवार्य है ।
3. समागम में प्रतिभाग करने के लिये कू/टीम का पंजीकरण एवं नवीनीकरण होना अनिवार्य है । इससे सम्बन्धित अभिलेख समागम स्थल पर पंजीयन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
4. पंजीकरण के समय हिन्दी में टंकित प्रतिभागियों की सूची 03 प्रतियों में उपलब्ध कराये ताकि प्रमाण पत्र तैयार करने में सुविधा हो सकें ।
5. समागम में प्रत्येक टीम को रु0 500/–समागम पंजीयन शुल्क जमा करना होगा एवं प्रत्येक रोवर्स/रेंजर्स टीम को अलग से 200/– प्रति प्रतिभागी प्रतिभागिता शुल्क जमा करना होगा ।
6. भोजन आदि की व्यवस्था समागम संयोजक द्वारा की जायेगी ।
7. भोजन की व्यवस्था में सभी टीम प्रभारी अपनी पूरी टीम का भोजन एक साथ लेंगे ।
8. प्रतिभागी रोवर्स–रेंजर्स अपने वाद्य यन्त्रों का प्रयोग कर सकते हैं ।
9. सभी प्रतिभागी टीम अपने साथ प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित सामान, मौसम के अनुसार बिस्तर, पहनने के कपड़े, दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे ताला दरी बाल्टी वर्दी टार्च, मोमबत्ती, खाने के बर्तन, (तस्तरी, ग्लास, कटोरी चम्मच) आदि साथ लेकर आयेंगे ।
10. रोवर्स–रेंजर्स शिविर का समस्त सामान लाठी, डण्डे, खुर्पी, बैनर, चादर इत्यादि भी साथ लेकर आयेंगे ।
11. समागम संयोजक समिति को कार्यकम में परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार होगा जो सभी को मान्य होगा ।
12. संयोजक की अनुमति के बिना समागम स्थल कदापि ना छोड़ें ।
13. सूचना पट का अवलोकन कर निर्देशानुसार कार्य करें ।
14. निर्णायक मण्डल का निर्णय सभी को मान्य होगा । किसी भी प्रकार की सुनवाई के लिये केवल संयोजक से ही उक्त सम्बन्ध में वार्ता कर सकते हैं ।
15. महाविद्यालयी रोवर्स–रेंजर्स समागम 2023–24 हेतु महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या से अनुरोध है कि महाविद्यालय की प्रतिभागी टीम की सूचना दिनांक 06.03.2024 तक अनिवार्य रूप से समागम संयोजक को अवश्य अवगत करा दें ।
16. समस्त रोवर्स–रेंजर्स टीम प्रभारी की प्रतिभागिता पूर्ण वर्दी में ही मान्य होगी ।
17. समागम में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी के पास महाविद्यालय का परिचय पत्र होना अनिवार्य है ।
18. रोवर्स/रेंजर्स टीम प्रभारी समागम स्थल पहुंचने की सूचना दिनांक 06.03.2024 तक डा0 महेश कुमार मुछाल (मो0 9412834127) एवं डा0 किरन गर्ग (मो0 9456481541) (ईमेल djc.baraut@gmail.com) पर अवश्यक उपलब्ध करा दें ।
19. भारत स्काउट और गाइड का नियम ही समागम का नियम होगा ।
20. सभी प्रतिभागी परिचय पत्र हेतु वर्दी में खींचा गया पासपोर्ट आकार के दो फोटो अवश्य साथ लेकर आयें ।

**नोटः यदि कोई टीम महाविद्यालय में कार्यक्रम से एक दिन पूर्व आती है तो उसे जलपान आदि की व्यवस्था स्वयं से करनी होगी ।**

भवदीय

(डा0 वीरेन्द्र सिंह)<br>
कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0<br>
एवं संयोजक रोवर्स/रेंजर्स<br>
समागम सत्र 2023–24<br>
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. निदेशक (उच्च शिक्षा), उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज ।
2. कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ।
3. कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ।
4. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ।
5. राष्ट्रीय निदेशक भारत स्काउट एवं गाइड, केन्द्रीय कार्यालय, इन्द्रप्रस्थ स्टेट, 16–महात्मा गांधी मार्ग नई दिल्ली ।
6. प्रादेशिक संगठन आयुक्त उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड, प्रादेशिक प्रधान केन्द्र गोल मार्केट, महानगर लखनऊ– 226006
7. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ ।
8. मुख्यालय आयुक्त स्काउट एवं गाइड, मेरठ ।
9. श्री मयंक शर्मा, सहायक प्रादेशिक कमिश्नर, भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश ।
10. समस्त जिला सचिव/जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) मेरठ ।
11. जिला स्काउट गाइड कमिश्नर, मेरठ ।
12. समस्त प्रभारी रोवर्स–रेंजर्स, मेरठ ।
13. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ।
14. डा0 वीरेन्द्र सिंह, समागम संयोजक एवं प्राचार्य दिगम्बर जैन कालिज, बड़ौत (बागपत)

भवदीय

(डा0 वीरेन्द्र सिंह)
कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0
एवं संयोजक रोवर्स/रेंजर्स
समागम सत्र 2023–24
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Scanned with OKEN Scanner